हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 14 फरवरी 2026

06 हत्या के तीन आरोपी और एक नाबालिग गिरफ्तार



07 संसार समस्या का समाधान व प्रभु लक्ष्य के ध्यान का ...





## खबर संक्षेप

### नीलकंठेश्वर मंदिर में प्रस्तुतियां 15 को

**विदिशा।** उदयपुर स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर परिसर में संस्कृति विभाग व जिला प्रशासन द्वारा 15 फरवरी शाम 6:30 बजे महादेव महोत्सव आयोजित होगा। कार्यक्रम में लोक गायिका मिशा शर्मा का लोक गायन, अपर्णा चतुर्वेदी की शिव-आधारित नृत्य नाटिका तथा नवनी श्रीवास्तव का भक्ति संगीत प्रस्तुत होगा। आयोजन का उद्देश्य शिव-भक्ति परंपरा का प्रसार और स्थानीय कलाकारों को मंच देना है। प्रशासन ने नागरिकों से परिवार सहित सहभागिता की अपील की है।

### 18 को जिपं में होगी योजनाओं की समीक्षा

**विदिशा।** जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक बुधवार 18 फरवरी को आयोजित होगी। बैठक दोपहर 1 बजे जिला पंचायत सभागार में प्रारंभ होगी। बैठक में ग्रामीण आजीविका मिशन की योजनाओं व कार्यों की समीक्षा, लोकायुक्त जांच से जुड़े प्रकरणों की स्थिति, स्व-सहायता समूहों की संख्या, ग्रेडिंग, सक्रियता तथा रिवॉल्विंग फंड और सामुदायिक निवेश निधि वितरण की प्रगति पर चर्चा होगी। इसके साथ बैंक लिंकेज, ऋण वितरण, आजीविका गतिविधियों, उत्पादों के विपणन, लखपति दीदी कार्यक्रम, ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर योजना, कौशल विकास प्रशिक्षण तथा शासकीय योजनाओं में समूहों की भागीदारी की समीक्षा की जाएगी।

### हस्तशिल्प प्रदर्शनी 19 फरवरी तक लगेगी

**विदिशा।** ऑडिटोरियम में 10 से 19 फरवरी तक हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रतिदिन दोपहर 2 से रात 10 बजे तक खुली इस प्रदर्शनी में भागलपुर सिल्क साड़ियां, दिल्ली ज्वेलरी, जामदानी, कलमकारी, फुलकारी, लेदर वर्क, मधुबनी पेंटिंग सहित देशभर के आकर्षक उत्पाद बिक्री हेतु उपलब्ध हैं।

### 18 को अयोध्या के लिए 779 यात्री होंगे रवाना

**विदिशा।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत 18 फरवरी को विदिशा से अयोध्या तीर्थयात्रा के लिए 779 श्रद्धालु रवाना होंगे जो 21 फरवरी को लौटेंगे। यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्थाओं के लिए 16 अनुरक्षकों की नियुक्ति होगी, जो पूरे मार्ग में समन्वय करेंगे। प्रशासन ने इच्छुक शासकीय कर्मचारियों से नाम, पद, आयु, कार्यालय और मोबाइल नंबर की जानकारी मांगी है।

### जल संसाधन व वित्तीय योजनाओं की समीक्षा

**विदिशा।** आजीविका संवर्धन हेतु विभिन्न विभागों के साथ अभिसरण की स्थिति और नए प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित निजी अस्पतालों की अग्नि सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट, फायर सेफ्टी अनुपालन, संयुक्त निरीक्षण तथा राष्ट्रीय भवन संहिता-2016 के अनुसार जांच अभिलेखों की समीक्षा की गई। साथ ही पंजीकृत पैथोलॉजी लैबों, पैथोलॉजिस्टों की योग्यता, क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के पालन, गुणवत्ता नियंत्रण ऑडिट और अपंजीकृत क्लीनिकों पर की गई कार्रवाई की जानकारी प्रस्तुत की गई।

### होमगार्ड जवानों ने की परेड, पौधरोपण किया

**विदिशा।** संभागीय सेनानी ऊषा डामर ने होमगार्ड का निरीक्षण कर आपदा प्रबंधन तैयारियों और जवानों की कार्यक्षमता परखी। परेड व किट निरीक्षण में अनुशासन की सराहना करते हुए उत्कृष्ट जवान पुरस्कृत किए। कालापाठा प्रशिक्षण केंद्र में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सैनिक सम्मेलन में समस्याओं, सुझावों और प्रशिक्षण विषयों पर चर्चा कर निर्देश प्रदान किए गए। अधिकारियों एवं जवानों की सक्रिय सहभागिता रही और बेहतर आपदा प्रतिक्रिया के लिए तत्परता भी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

---

# विदिशा बंद...डीमार्ट चालू

## चाय मिली न नाश्ता दिनभर बंद रहा विदिशा व्यापारियों ने ज्ञापन देकर दर्ज कराई आपत्ति

**बाजार में चाय, नाश्ता और दैनिक उपयोग की छोटी दुकानें भी नहीं खुलीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर में रविवार से शुरू होने जा रहे डीमार्ट के विरोध में शुक्रवार को दिनभर विदिशा बंद रहा। सुबह होते ही बड़ी संख्या में व्यापारी सड़कों पर निकले और बाजार में खुल रही दुकानों को बंद कराया। व्यापारियों ने शहर बंद का समर्थन किया और अपनी दुकानें बंद रखीं। जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ।

सुबह से ही दूध, चाय, नाश्ते और दैनिक उपयोग की छोटी दुकानें भी नहीं खुलीं। आम लोगों को सुबह की चाय और दूध जैसी आवश्यक वस्तुओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। व्यापारी संगठनों का कहना है कि 10 लाख से कम आबादी वाले शहरों में डी-मार्ट जैसी बड़ी रिटेल चेन खुलने से स्थानीय व्यापार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उनका मानना है कि इससे छोटे व्यापारियों की आजीविका पर संकट आ सकता है।

**प्रदर्शन कर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन**




**विदिशा।** व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नाभैया जैन ने पीएम से मांग रखी की बड़ी कंपनियों को मेट्रो सिटी में ही परमिशन मिले, इस विषय पर संसद में कानून बने।

**बाजार में पसरा रहा सन्नाटा**



### मल्टीनेशनल कंपनियों के विरोध में सौंपा ज्ञापन

डीमार्ट के विरोध में व्यापारी पिछले 10 दिनों से माधवगंज चौराहे पर टेंट लगाकर धरना दे रहे हैं। इस बंद को पावर डिस्ट्रीब्यूटर संघ, विदिशा व्यापार महासंघ, मप्र उद्योग व्यापार मंडल और इनके अंतर्गत आने वाले सभी संगठनों का समर्थन मिला। विदिशा बंद के दौरान अनाज मंडी भी पूरी तरह बंद रही। व्यापारियों ने शुक्रवार को डीमार्ट और मल्टीनेशनल कंपनियों के विरोध में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

---

## अंधेरे में समझ नहीं पाए, इंडस्ट्रियल एरिया की सड़क से तालाब में गिरी कार

# रास्ता भटक गए थे बाराती, सड़क सीधी थी आगे जाकर खत्म हो गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गैरतगंज से बारात लेकर जाफरखेड़ी जा रही एक टवेरा कार 30 फीट गहरे सूखे तालाब में गिर गई। हादसे में 3 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कार में कुल 10 लोग सवार थे। जिन्हे जाफरखेड़ी गांव जाना था।

बाराती वह रात में रास्ता भटक गए थे और गूगल मेप से रास्ता खोजते हुए चल रहे थे। इसी दौरान वह हाईवे से इंडस्ट्रियल एरिया की सड़क पर जा पहुंचे जो आगे जाकर खत्म हो जाती है। इसी सड़क पर रात के अंधेरे में तेज रफ्तार कार चल रही थी और अचानक से रास्ता खत्म हो गया और कार सीधे तालाब में जा गिरी। हादसे में 35 वर्षीय राजेश लोधी, 30 वर्षीय सोनू लोधी (ड्राइवर) और 35 वर्षीय चंद्रशेखर की मौत हो गई। घायलों में अशोक लोधी (25) का हाथ फ्रैक्चर हुआ है, जबकि राज बोधी (14) के पेट में गंभीर चोट आई है। बृजेश लोधी (27) और सुदीप लोधी (20) को सीने में चोटें लगी हैं।

**30 फीट गहरे तालाब में गिरी बारातियों की कार, 7 गंभीर**



**विदिशा।** गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है।




### सूचना मिलते ही रात में अस्पताल पहुंचे कलेक्टर, गंभीर घायलों को रेफर कराया


- **शादी वाले घर से सिर्फ एक किमी पहले हुआ हादसा।**

तीन की हालत गंभीर, भोपाल रेफर 45 वर्षीय भावसिंह लोधी, 10 वर्षीय ऋतुराज लोधी सहित तीन घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को भोपाल रेफर किया गया। रास्ता

**भटक गए थे, गाड़ी कंट्रोल नहीं हो पाई :** एक घायल युवक ने बताया कि रायसेन जिले के ऊसर मेटा गांव से बारात में शामिल होने विदिशा के जाफरखेड़ी जा रहे थे। गांव पहुंचने से पहले वह रास्ता भटक गए थे। सड़क सीधी थी, लेकिन अचानक रोड खत्म हो गई। गाड़ी कंट्रोल नहीं हो पाई और तालाब में गिर गई। हादसे की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और निजी वाहनों से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर अंशुल गुप्ता जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना। घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। एडीएम, तहसीलदार, सीएसपी, कोतवाली और सिविल लाइन थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अनूप वर्मा के नेतृत्व में डॉक्टर्स की टीम ने घायलों का इलाज शुरू किया। डॉ अनूप वर्मा ने बताया कि 4 की हालत गंभीर है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

---

# टायर फटने से 35 बच्चों से भरी बस खेत में उतरी 5 बच्चों को मामूली चोटें



- **दूसरी बस से सुरक्षित बच्चों को नटेरन भेजा गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शुक्रवार सुबह एक निजी स्कूल बस अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। हादसा नटेरन थाना अंतर्गत ग्राम सेऊ और पमारिया के बीच हुआ।

राहत की बात यह रही कि बस में सवार सभी बच्चे सुरक्षित हैं। यह बस नटेरन के ग्लोबल स्कूल की थी जो आसपास के गांवों से बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस का पिछला टायर अचानक फट गया। इससे चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख पाया और बस सड़क किनारे खेत में जा गिरी। हादसे के बाद बस में अफरा-तफरी मच गई और बच्चे डर गए। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्चों को बस से बाहर निकाला। स्कूल के शिक्षक भी पहुंच गए और दूसरी बस से बच्चों को सुरक्षित नटेरन भेजा गया।

**35 बच्चे थे सवार**

नटेरन थाना प्रभारी मोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि बस में करीब 35 बच्चे सवार थे। इनमें से लगभग पांच बच्चों को हल्की चोटें आई हैं। सभी को नटेरन स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनकी हालत सामान्य बताई गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। बस के फिटनेस, परमिट और बीमा जैसे दस्तावेजों की जांच की जाएगी। चालक से भी पूछताछ होगी ताकि हादसे का सही कारण पता चल सके। फिलहाल सभी बच्चे सुरक्षित हैं, जिससे अभिभावकों ने राहत महसूस की है।

---

## अवैध चलते 12 वाहन पकड़े, 58 हजार वसूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर के निर्देशों के पालन में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा नटेरन एवं अशोकनगर रोड क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

कार्रवाई के दौरान 12 वाहन नियम विरुद्ध संचालित पाए गए, जिन पर चालानी कार्रवाई करते हुए चार वाहनों से 58 हजार का जुर्माना वसूला गया। शेष 8 वाहनों को प्रकरण निराकरण तक जब्त कर पुलिस थाना परिसर नटेरन व करारिया में खड़ा कराया है। जब्त वाहनों में सांदीपनि स्कूल नटेरन में संचालित बस सहित 2 स्कूल बसें शामिल हैं। परिवहन विभाग के अनुसार जप्त वाहनों से लगभग 2 लाख राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।




### हींगली में अवैध कब्जा हटाकर दिलाया हक

**विदिशा।** शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम हीगली में निजी भूमि पर अवैध कब्जे की सीएम हेल्पलाइन शिकायत का समाधान किया गया। ग्रामीण तहसीलदार डॉ. दर्शन लाल नेगी राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे। सीमांकन कराया और जांच में अतिक्रमण की पुष्टि होने पर कब्जा हटवाया। कार्रवाई के बाद विजय सिंह बंजारे को वैधानिक कब्जा सौंपा गया। शिकायतकर्ता ने समाधान पर संतोष जताया, जिसके पश्चात शिकायत बंद कर दी गई। तहसीलदार ने कहा कि भूमि विवादों में निष्पक्ष कार्रवाई जारी रहेगी।

## जूनियर डॉक्टरों की स्टाइपेंड वृद्धि की मांग, 15 दिन में निर्णय नहीं तो हड़ताल की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने रेजिडेंट डॉक्टरों की वार्षिक स्टाइपेंड वृद्धि लागू करने की मांग को लेकर डीन मनीष निगम को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव डॉ विमल मेहरा ने बताया कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में इंटर्न, पीजी, एसआर, जेआर और सुपर स्पेशियलिटी रेजिडेंट डॉक्टरों के स्टाइपेंड में प्रतिवर्ष अप्रैल में वृद्धि का प्रावधान है, जिसका पालन पूर्व वर्षों में होता रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 की वेतनवृद्धि जनवरी 2026 तक लागू नहीं होने से डॉक्टरों को आर्थिक व मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई, आवास, भोजन और शैक्षणिक जरूरतों को देखते हुए वृद्धि अत्यंत आवश्यक है। डॉ मेहरा ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों में निर्णय नहीं हुआ तो जूडा विदिशा हड़ताल जैसे कठोर कदम उठाने को मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



---

**अभियानः नटेरन ब्लॉक के ग्राम ढाड़ोन में जनजागृति कार्यक्रम हुआ**

# किसानों की आय नहीं बढ़ी, कर्ज हुआ दोगुनाः रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

संगठन सृजन अभियान के तहत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के नटेरन ब्लॉक अंतर्गत ग्राम ढाड़ोन में पंचायत कमेटी गठन एवं जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के वादे पूरे नहीं हुए, बल्कि प्रदेश के प्रत्येक किसान परिवार पर औसतन 74 हजार 420 रुपए का कर्ज हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश से केंद्रीय कृषि मंत्री होने के बावजूद राज्य का किसान सबसे अधिक कर्जग्रस्त राज्यों में शामिल है। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदरसिंह यादव, रमेश तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष शरद शर्मा, बापूलाल मीणा, रूपसिंह किरार, अनुज यादव, रामसेवक रघुवंशी, राहुल रघुवंशी और सुनील यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

यह आयोजन विदिशा जिले में संगठन मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।



## बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म कर गला दबाकर हत्या का आरोप

**बेटों ने शाम को आकर देखा तो शव कमरे में मिला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

करारिया थाना क्षेत्र के कोठीचार खुर्द गांव में 65 वर्षीय महिला की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली है। परिजनों ने हत्या से पहले दुष्कर्म का आरोप लगाया है।

करारिया थाना पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे भी देर रात घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। मामला गुरुवार रात का है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महिला का शव पुराने घर के एक कमरे में मिला। गला दबाकर हत्या करने की आशंका है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही दुष्कर्म की पुष्टि हो सकेगी।

**बेटा बोला- मां से दुष्कर्म कर हत्या की:** मृतका के बेटे ने आरोप लगाया है कि उनकी मां के साथ दुष्कर्म कर साड़ी के पल्लू से गला घोंटकर हत्या की गई। वे काम पर गए हुए थे। शाम को जब छोटा भाई घर पहुंचा तो मां नहीं मिलीं। तलाश करने पर दूसरे घर के कमरे में उनका शव मिला।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-5635
सरसों
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-6240
चना
न्यूनतम भाव-4310
उच्चतम भाव-5371
मसूर
न्यूनतम भाव-4810
उच्चतम भाव-6240
ज्वार
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5150
मक्का
न्यूनतम भाव-1150
उच्चतम भाव-1556
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2350
उच्चतम भाव-3331
धान
न्यूनतम भाव-1360
उच्चतम भाव-4235
बटरी
न्यूनतम भाव-2950
उच्चतम भाव-3800
उड़द
न्यूनतम भाव-6700
उच्चतम भाव-7150
गेहूं
न्यूनतम भाव -2000
उच्चतम भाव- 3075
धनिया
न्यूनतम भाव-6300
उच्चतम भाव-6800
तुअर
न्यूनतम भाव-4750
उच्चतम भाव-6760
अलसी
न्यूनतम भाव-7120
उच्चतम भाव-7120
मूंग
न्यूनतम भाव-5850
उच्चतम भाव-5850

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 7965 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# विजया एकादशी पर सजा खाटू श्याम बाबा का दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विजया एकादशी पर शुक्रवार को वार्ड नंबर 13 स्थित भगवान रामदेव मंदिर में बाबा श्याम को चांदी के नोटों से भव्य रूप में सजाया गया। चांदी के नोटों से हुए विशेष श्रृंगार में श्रद्धा, आस्था और विजय का अनुपम संगम देखने को मिला। इस अवसर पर अलौकिक श्रृंगार के दर्शन कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मंदिर परिसर भजनों की गूंज और धूप-दीप की सुगंध से श्याममय हो गया। ज्ञात हो कि नगर में स्थित बाबा श्याम का ग्यारस को विशेष श्रृंगार किया जाता है दिन भर भक्तों का तांता बाबा श्याम के दर्शनों के लिए उमडता रहता है।

शुक्रवार को विजया एकादशी के पावन मौके पर सुबह हनुमान चौक से प्रभात फेरी निकाली गई। हाथों में भगवा श्याम ध्वजाएं लिए भक्त जय श्री श्याम और हारे का सहारा श्याम के जयघोष करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए खाटू श्याम मंदिर पहुंचे। प्रभात फेरी में युवाओं, मातृशक्ति और वरिष्ठ श्रद्धालुओं की बड़ी सहभागिता रही।



मंदिर पहुंचने पर विधिवत पूजन-अर्चन और विशेष आरती संपन्न हुई। मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की प्रस्तुति हुई। श्याम बाबा के दर्शन के लिए आए भक्तों ने बताया कि एकादशी पर बाबा श्याम के दर्शन से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और कार्यों में सफलता मिलती है। किसी ने परिवार की सुख-शांति की कामना की तो किसी ने रोग-व्याधि से मुक्ति और रोजगार में उन्नति का आशीर्वाद मांगा।

## 10-11 फरवरी की रात हुई थी गौरव यादव की हत्या

# हत्या के तीन आरोपी और एक नाबालिग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर पुलिस द्वारा हत्या के प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया है। घटना में प्रयुक्त एक चाकू, एक छुरी एवं एक डंडा भी जब्त किया गया है। घटना के बाद एसपी रोहित काशवानी द्वारा हत्या के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु विशेष टीमों का गठन किया गया था। एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 11 फरवरी को फरियादी हर्ष शर्मा निवासी राधा कृष्णपुरम कालोनी ने



रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने साथी गौरव यादव के साथ प्रकाश मैरिज गार्डन से लौट रहे थे। तभी नायरा पेट्रोल पंप के पास आरोपियों द्वारा गाली-गलौज कर विवाद किया गया तथा चाकू से हमला किया गया। हमले में गौरव यादव गंभीर रूप से घायल हुए, जिन्हें उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। प्रारंभ में धारा 296 (बी),115(2), 118(1), 351(3), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया, बाद में मृत्यु होने पर धारा 103(1) बीएनएस जोड़ी गई। गठित टीम द्वारा भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर राघवेंद्र उर्फ रघु राजपूत 34 वर्ष, रमन दांगी 23 वर्ष निवासी कामधेनु कालोनी बासौदा, राशिद खान (25 वर्ष) निवासी परसौरा एवं एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त हथियार जब्त कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में शहर थाना प्रभारी संजय बेदिया, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे, गुलाबगंज थाना प्रभारी एसएस सोलंकी, त्योंदा थाना गौरव रघुवंशी, रोहित कौरव थाना हैदरगढ़, बीएल मालवीय, राधेश्याम यादव, लालाराम प्रजापति, अरूण छारी, अभिषेक शुक्ला, दीपेश यादव, सुरेन्द्र, सतीश तिवारी, देवेन्द्र कुशवाह, बृजेश, अखिलेश, सुमित अवस्थी, आशीष की भूमिका रही।

## डीपीसी ने किया प्राथमिक शाला का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को डीपीसी आरपी लखैर, एपीसी दिलीप साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला काला पठार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान शाला का शैक्षणिक स्तर और शाला की भौतिक व्यवस्थाओं को देखकर अत्यंत प्रसन्न हुए। शाला प्रभारी पृथ्वी सिंह रघुवंशी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा किए गए व्यक्तिगत प्रयासों से उन्होंने शाला के कलेवर में जो बदलाव किया, जिससे उनकी शाला विदिशा जिले की श्रेष्ठ और अनुकरणीय शालाओं में अग्रणी हो गई है। प्रभारी द्वारा शाला में इलेक्ट्रॉनिक पैनल, टीवी, कंप्यूटर ,म्यूजिक सिस्टम, वाटरकूलर, आरओ, शाला में टाइल्स, फर्नीचर, कैमरे आदि की व्यवस्था करना सराहनीय है। डीपीसी द्वारा शैक्षणिक स्तर का निरीक्षण कर उससे संतुष्ट होते हुए उसकी भी सराहना की, साथ ही शाला प्रभारी को पुरस्कृत करने के अनुशंसा करते हुए उन्हें शाला की सफलता की कहानी एवं शाला की एक डॉक्यूमेंट्री रिकॉर्ड कर भेजने की सलाह भी शाला प्रभारी को दी। शाला प्रभारी पृथ्वी सिंह रघुवंशी और शाला परिवार ने डीपीसी द्वारा शाला को प्रोत्साहित किए जाने और सकारात्मक सलाहों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर एपीसी दिलीप साहू, बीएसी संदीप शर्मा, शिक्षक गोपाल दास अहिरवार, रानी रघुवंशी, समूह अध्यक्ष गंगा सेन, ओमवती लोधी, बिमला सेन, आरती अहिरवार, कंचन अहिरवार उपस्थित रहीं।

## किसान संघ ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को नया बस स्टैंड मेला ग्राउंड में बड़ी संख्या में किसान एकत्रित हुए जिन्होंने सामूहिक रूप से भारत माता की पूजन की। पूजन के बाद मोटर साइकिल से रैली निकालकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीम अनुभा जैन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कई मांगे रखी गई। जिनमें प्रमुख रूप से कहा गया कि मध्य प्रदेश सरकार की घोषणा अनुसार समर्थन मूल्य 2700 रुपए प्रति क्विंटल में गेहूं खरीदा जाए। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की ड्यू डेट बढ़ाकर 28 मार्च से 15 मई की जाए, बेतवा मेजर प्रेशराइज्ड इरिगेशन में छूटे हुए ग्रामों को जोड़ा जाए। समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्रों पर धर्मकांटों से तुलाई कराई जाए। मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के पत्र के निर्देश का पालन किया जाए। स्थानीय कृषि उपज मंडी में धर्मकांटे से तुलाई कराने पर लगने वाला 5 रुपए प्रति बोरा किसान से न लिया जाए। सरसों, चना, मसूर आदि की फसल आने वाली है।

समर्थन मूल्य खरीदी हेतु पंजीयन शीघ्र प्रारंभ किए जाएं। शासकीय रास्तों को अतिक्रमण मुक्त कराकर खेत सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कराया जाए। ग्रीष्मकालीन मूंगफली एवं तिली का बीज कृषि विभाग के द्वारा उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री कृषि पंप अनुदान योजना में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर ट्रांसफार्मर रखवाया जाए। कार्यक्रम में भगवान सिंह रघुवंशी, महेंद्र सिंह रघुवंशी, राजेश श्रीवास्तव, चंद्रशेखर माथुर, पूरन सिंह रघुवंशी, भगत सिंह रघुवंशी, यशवंत राजपूत, शंकर शर्मा, जसवंत रघुवंशी, महेश साहू, देवेंद्र रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### श्रद्धांजलि अर्पित की



**गंजबासौदा।** नन्नू सिंह शिल्पकार, रमेश कुमार शिल्पकार के छोटे भाई, राजेश शिल्पकार के बड़े भाई, शैलेंद्र एवं महेंद्र के पिता एवं संतोष, योगेश, भूपेन्द्र , नयनदीप के चाचा एवं राजीव, विराट, रुद्र के संझले दादाजी पर्वत सिंह शिल्पकार का विगत दिनों आसमयिक निधन हो गया था। शुक्रवार को गृहग्राम फूफैर पहुंचकर अनेक लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर दुःखी परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान शासकीय महाविद्यालय गुलाबगंज प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता, शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार, प्रमोद दुबे, डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## विशेष प्रशिक्षण व जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**गंजबासौदा।** शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन सेल के तत्वावधान में 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का शुक्रवार को किया गया। सेल की प्रभारी




कृतिका प्रकाश के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया की चुनौतियों के प्रति जागरूक किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। जिसमें साइबर सुरक्षा के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया कि सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय अपनी निजता को कैसे सुरक्षित रखें। मजबूत पासवर्ड बनाने और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन के महत्व को समझाया गया। यूपीआई और डिजिटल लेनदेन के दौरान होने वाली धोखाधड़ी से बचने के उपाय साझा किए गए। फिशिंग ईमेल और फर्जी लिंक की पहचान करने के तरीके बताए गए। इंटरनेट का उपयोग केवल शिक्षा और रचनात्मक कार्यों के लिए करने और संदिग्ध वेबसाइटों से दूर रहने की सलाह दी गई। छात्राओं को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने, निजी डेटा को सुरक्षित रखने और सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करने के गुर सिखाए। इस कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित तरीके से संचालन करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया, ताकि वे भविष्य में किसी भी प्रकार के साइबर अपराध का शिकार होने से बच सकें।

## वृंदावन में होली महोत्सव में होगी श्रीमद् भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

होली के उल्लास के बीच ब्रजभूमि में इस बार भक्ति और भागवत का रंग साथ घुलने जा रहा है। नगर में वेदांत आश्रम संस्कृत विद्यालय के संस्थापक काशीपीठाधीश्वर, जगद्गुरु डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती महाराज की अमृतवाणी से होने वाला श्रीमद्भागवत कथा आयोजन श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक रस से सराबोर करेगा। 25 फरवरी से 4 मार्च तक भक्ति वेदान्त मंदिर, सुनरख रोड, श्रीजी पुरम में होली महोत्सव के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन काशीपीठाधीश्वर जगद्गुरु डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती महाराज द्वारा किया जाएगा।

वेदांत आश्रम के महंत हरिहर दास महाराज ने बताया कि आयोजन के तहत 25 फरवरी से प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण जगद्गुरु डॉ वेदांती द्वारा कराया जाएगा। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के साथ भक्त प्रह्लाद, ध्रुव और भरत चरित्र जैसे प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, सेवा और समर्पण के भाव से जोड़ा जाएगा। 28 फरवरी को श्री सुंदरकांड पाठ, 2 मार्च को होली मिलन समारोह एवं संत समागम, 3 मार्च को फूलों की होली एवं होलिका दहन तथा 4 मार्च को श्रीधाम वृंदावन परिक्रमा का आयोजन होगा। कथा के मुख्य यजमान मनोहर राजपूत एवं अर्चना राजपूत नर्मदापुरम के सान्निध्य में आयोजित इस महोत्सव का सीधा प्रसारण महाराज श्री के अधिकृत यूट्यूब चैनल पर भी लाइव देश-विदेश में रह रहे श्रद्धालु देख सकेंगे।

आयोजकों का कहना है कि इन आयोजनों से श्रद्धालुओं को ब्रज की आध्यात्मिक संस्कृति को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। वहीं आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। देश के विभिन्न राज्यों से बडी संख्या में भक्तों के वृंदावन पहुंचने की संभावना है। वेदांत आश्रम व आयोजन समिति, महाराजश्री ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार सहित आयोजन में शामिल होकर



श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करें। होली महोत्सव के साथ-साथ वृंदावन में एक और श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। 23 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक छटीकरा रोड स्थित चंद्रदेव मंदिर परिसर में काशीपीठाधीश्वर जगद्गुरु डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती महाराज द्वारा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का वाचन होगा। कथा के मुख्य यजमान अनिल कुमार गुप्ता हैं। वेदांत आश्रम एवं आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे दोनों आयोजनों में अपनी सुविधा अनुसार सहभागिता कर सनातन संस्कृति के इस आध्यात्मिक उत्सव का लाभ लें।

## शिव महापुराण कथा में गुरु महिमा को बताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शिव महापुराण कथा के सप्तम दिवस विश्राम के दिन कथा प्रवक्ता आचार्य पंडित विकास आनंद एलिया ने कहा कथा कभी समाप्त नहीं होती। कथा का विश्राम होता है। प्रवचन में गुरु की महिमा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अगर जीवन में सही मार्गदर्शन न मिले, तो भगवान शिव को ही अपना गुरु मान लेना चाहिए, वे जीवन की नैया पार लगा देंगे। उन्होंने आगे बताया कि कृष्ण भक्ति प्रेम, राम भक्ति त्याग और शिव भक्ति करुणा सिखाती है। पंडित ऐलिया ने चेतावनी भी दी कि जिस जगह धर्म, दान और संतों का सम्मान बंद हो जाता है, वहां खुशहाली नहीं रहती। कथा के दौरान गौ सेवा पर विशेष चर्चा हुई। कथा व्यास ने दुख जताया कि आज के दौर में लोगों को गाय की महिमा बताने के लिए कथाओं का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गाय के शरीर में सभी देवी-देवताओं का वास है, सींगों में ब्रह्मा, विष्णु और महेश विराजते हैं, जबकि गौ मूत्र में देश के 68 करोड़ तीर्थों का वास माना गया है। गौ हत्या पर विशेष चर्चा करते हुए उन्होंने कहा चिंतन और साधना की आवश्यकता है चिंतन और साधना को जिसने समझ लिया उसी ने ही प्रभु की प्राप्ति कर अपने जीवन का उद्धार कर अपने भविष्य को बना लिया। कथा के समापन पर मुख्य यजमान नीता नीरज शर्मा, वंदना दिलीप शर्मा, कुसुम शर्मा एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने व्यास पीठ का पूजन किया। समापन के बाद महाआरती हुई और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। सनातन सेवा समिति ने कथा व्यास का मंच से सत्कार किया। प्रभु की लीला गायन करते हुए कथा को विश्राम दिया।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

# सेवा केंद्र पर त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बरेठ रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सेवा केंद्र द्वारा 90 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी रुक्मिणी दीदी ने अपने उद्बोधन में शिवरात्रि का आध्यात्मिक अर्थ स्पष्ट करते हुए कहा कि विश्व की सभी महान विभूतियों के जन्मोत्सव प्रायः दिन के समय 'जन्मदिन' के रूप में मनाये जाते है परन्तु एक परमात्मा शिव की जयंती ही ऐसी है जिसे जन्मदिन न कहकर 'शिवरात्रि' के नाम से पुकारा जाता है। इसका कारण यह है कि निराकार परमात्मा शिव जन्म-मरण से न्यारे अथवा अयोनि हैं। उनका अन्य किसी महापुरुष या देवता की तरह कोई लौकिक या शारीरिक जन्म नहीं होता जो कि उनका जन्मदिन मनाया जाये। कल्याणकारी विश्व पिता 'शिव' तो अलौकिक अथवा दिव्य-जन्म लेकर अवतरित होते हैं। उनकी जयंती संज्ञावाचक नहीं, बल्कि कर्तव्य वाचक रूप से ही मनाई जाती है। उनका दिव्य अवतरण विषय-विकारों की कालिमा से लिप्त अज्ञान निद्रा में सोये हुए मनुष्य को जगाने के लिये ही होता है। परमात्मा शिव द्वारा इस 'अज्ञान रूपी रात्रि' का अंत किये जाने के आध्यात्मिक रहस्य से ही शिव जयंती को 'शिवरात्रि' कहा जाता है।

वर्तमान संगमयुग पर मनुष्यात्माओं को पावन बनाने के लिए परमात्मा शिव काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, कुसंस्कार एवं आसुरी प्रवृत्तियों का दान ले रहे हैं। इन सूक्ष्म मनोविकारों को मानसिक रूप से परमात्मा शिव के सम्मुख अर्पण करके जीवन में पवित्रता और आत्मा को बुराइयों से बचाने का महाव्रत लेना है। तभी हमारे जीवन में सुख-शान्ति एवं दिव्य-गुणों की सच्ची धारणा हो सकती है एवं परमात्मा शिव से हम अपने पुरुषार्थ अनुसार जन्म-जन्मान्तर के लिए ईश्वरीय राज-भाग्य का अधिकार प्राप्त कर सकते हैं। ब्रह्माकुमारी नन्दनी दीदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि परमात्मा शिव द्वारा दिये जा रहे इस ईश्वरीय ज्ञान को जीवन में धारण कर जन्म-जन्मान्तर के लिए श्रेष्ठ राज-भाग्य को प्राप्त करें। महाशिवरात्रि' के सम्बन्ध में सबसे अनोखी बात यह है कि इसका सम्बन्ध निराकार, अशरीरी परमात्मा से है। जबकि अन्य सभी त्योहारों, पर्वों अथवा जयन्तियों का देवताओं, पौराणिक महापुरुषों के जीवन से सम्बन्ध होता है।

अतः शिवरात्रि परमात्मा शिव के इस धरा पर अवतरण की यादगार है। परमात्मा शिव, सामान्य मनुष्यों की तरह शरीरधारी नहीं हैं और जन्म-मरण के बन्धनों से मुक्त है। अतः शिव का अन्य भाषान्तर 'गॉड', खुदा 'ओंकार' इत्यादि है और 'शिवरात्रि' परमात्मा के दिव्य-अवतरण दिवस की यादगार है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ब्रह्मकुमारीज भाई, बहिनों ने कार्यक्रम का लाभ लिया।

## वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेमरी शाला के भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभाकक्ष में वार्षिक पुरस्कार वितरण व कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बच्चो को मार्गदर्शन देते हुए कहा आज का दिन स्कूल के लिए मिला-जुला भाव लेकर आया है। एक तरफ हमें इस बात की खुशी है कि आप अपने जीवन के एक नए और बड़े अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं, तो दूसरी तरफ आपको विदा करते हुए मन थोड़ा उदास भी है। कार्यक्रम को वीरेंद्र सिंह दिवाकर, महेंद्र सिंह ठाकुर, चतर सिंह लोधी, फेरन सिंह लोधी, लालू सिंह विश्वकर्मा ने संबोधित किया। इस अवसर पर निःशुल्क शिक्षण सेवाएं देने वाले शिक्षक रामबाबू सोनी का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। विदाई समारोह में कक्षा 6, 7 के छात्रों ने कक्षा 8 के छात्रों को गुलदस्ते भी भेंट किऐ। विदाई समारोह को यादगार बनाने सभी छात्र-छात्राओं ने मिलकर नृत्य एवं गायन का आनंद लिया। कक्षा 8 के बच्चों को उदयपुर नीलकंठेशवर मंदिर की तस्वीर प्रदान की गई। इस मौके पर भगवती देवी लोधी, ऊषा सेन, मालती सेन मौजूद रहीं।

### मिट्टी का हो रहा अवैध परिवहन

**त्योंदा।** इन दिनों घटेरा वन विभाग क्षेत्र से मिट्टी का अवैध रूप से उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। प्रतिदिन कई ट्रॉली मिट्टी बेची जा रही है। त्योंदा वासियों ने अवैध रुप से मिट्टी का उत्खनन एवं परिवहन करने वाले ट्रैक्टर, ट्राली चालकों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### चक्रवर्ती विवाह के बाद मुनिश्री का आशीर्वाद लेने पहुंचे डॉ आयुषी और डॉ शुभम जैन

# संसार समस्या का समाधान व प्रभु लक्ष्य के ध्यान का उद्देश्यः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




जैन समाज की परंपरा को जीवित रखते हुए सिरोंज के वरिष्ठ चिकित्सक एंव पचखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी की पुत्री व वरिष्ठ समाजसेवी व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ मोहित जैन टिंकल भाईया की भतीजी का विवाह चक्रवर्ती विवाह के रूप में सम्पन्न हुआ। चक्रवर्ती विवाह सम्पन्न होने के बाद वर-वधु अपने परिवार के तीर्थ यात्रा एंव राष्ट्रीय संत 108 सुधा सागर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि डॉ राजीव जैन व डॉ मोहित जैन का परिवार मुनि श्री सुधा सागर महाराज के परम भक्तों में आता है। तो वही गुरूवर का भी सदैव उक्त परिवार के ऊपर आशीर्वाद बना रहता है।

मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के समक्ष रखी अपनी जिज्ञासा - डॉ आयुषी जैन ने मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज को अपनी जिज्ञासा बताते हुए कहा कि आपके बताए अनुसार हमने चक्रवर्ती विवाह तो कर लिया। लेकिन आगें हमें हमारा जीवन निर्वहय कैसे करना है कि एक सतग्रहस्त के रूप में हम आगें बडें और धीरे धीरे आपके पद पर भी चल सके। वही डॉ आयुषी जैन की जिज्ञासा का उत्तर देते हुए मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने कहा कि किसी भी कार्य के लिए जब किसी को साक्षी किया जाता है तो उसका अर्थ ही होता है कि हम उसकी साक्षी में यह कार्य कर रहें है। अर्थात जब भी कोई विपरित परिणाम बने तो साक्षी की स्मृति रहें कि मैने यह वंदन देव जन देव के साक्ष में किया था। उनके बताए हुए मार्ग के विपरीत अपने ग्रहस्त जीवन को नही ले जाना जो जिनेन्द्र भगवान ने जो ग्रहस्त की चर्या बताई है उन्ही मर्यादाओं में अपने आप को चलाना ही चक्रवर्ती विवाह का मूल उध्ध्य होता है। उजवल जिनसम स्वामी महा आचार्य ने जब ग्रहस्त की सराक्ष चर्या को जिनेन्द्र भगवान के सम्मुख करने को कहा तो कोई न कोई रहस्य होगा। विवाह तो एक है राग की तरफ ले जाने वाला उपाक्रम है लेकिन उजवल जिनसम स्वामी उस राग में भी कुछ विराकता का दर्षन हुआ। यदि राग की क्रियाओं की तरफ जा भी रहे हो लेकिन वितराकता की साक्षी में जाओगें तो उस कीचड में रहकर भी कमल के समान निंलब्ध रह सकते हो। संसार हमारी समस्या का समाधान है और प्रभु की साक्षी हमारे लिए उस लक्ष्य तरफ ध्यान कायम रखती है ऐसा ध्यान रखना ही इस कार्य का मूल उध्ध्य होता है।

**चक्रवर्ती विवाह में करना पड़ता है कठिन नियमों के पालन -** जैन समाज की परंपराओं को जीवित रखने के लिए बिना कोई धूमधाम के चक्रवर्ती विवाह होता है और इस विवाह में वर-वधु को कई कठिन नियमों का पालन करना पड़ता है। जैन समाज में चक्रवर्ती विवाह होना एक बड़ी आश्चर्य की बात है और इस तरह के विवाह बहुत ही कम देखने को मिलते हैं। लेकिन सिरोंज के पाण्डे परिवार ने इस परंपरा को जीवित रखने के लिए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजीव जैन बंटी ने अपनी पुत्री का चक्रवर्ती विवाह कराया। इस विवाह में जैन मंदिर में भगवान के समक्ष सात फेरे होते है। जिसमें वर वधु हथकरघा के वस्त्र के साथ धोती पंचा पहनकर एक दिन पूर्व निर्जला उपवास रखते हैं और दूसरे दिन शादी सामान्य उपवास रखते है उस दिन एक समय भोजन करते हैं और शादी होने के बाद मुनि श्री जी सुधा सागर जी महाराज के पास जाकर उनका आशीर्वाद लेकर तीर्थ यात्रा पर जाते है और तीर्थ यात्रा के पश्चात अपने घर पहुंचते हैं।

**सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है पाण्डे परिवार -** उक्त पाण्डे परिवार पर आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज का विषेष आषीर्वाद प्राप्त है। साथ ही डॉ राजीव जैन बंटी,डॉ मोहित जैन टिंकल व उनके पुत्र-पुत्री अत्यंत धार्मिक है और वह सदैव धार्मिक व सामाजिक कार्यो में बढ़ चढकर हिस्सा लेते है। साथ ही जैन धर्म के नियमों का पालन करते है।

### आज दोपहर 3 से 5:30 बजे तक बंद रहेगी विद्युत सप्लाई

**सिरोंज।** 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सिरोंज से निकलने वाले 11 के.व्ही. यूनिवर्सिटी फीडर का आज रखरखाव कार्य किया जाएगा। जिस कारण 11 के.व्ही. यूनिवर्सिटी फीडर की सप्लाई दोपहर 03:00 बजे से शाम 05.30 बजे तक बंद रहेगी। इस कारण से यूनिवर्सिटी, भोपाल रोड, मंशापूरण,तहसील कोर्ट एरिया, लटेरी रोड, हाथिथान, काला बाजार, पुराना बस स्टेण्ड, तलैया इत्यादि क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### दिल्ली पहुंचकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से की सौजन्य मुलाकात



**सिरोंज।** सिंधिया फैंस क्लब के जिला अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, दीपनाखेडा मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र पालीवाल, महामंत्री दयाराम लोधी ने दिल्ली पहुंचकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की। इसके साथ ही क्षेत्र की राजनीति गतिविधियों को लेकर चर्चा की।

### गिरफ्तार एवं हिरासत में लिए लोगों के अधिकारों की रक्षा तय होगी

## थानों के लिए विधिक सहायता व्यवस्था लागू होना सराहनीय कदमः बोहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



थानों में हिरासत में लिए गए व्यक्तियों को तत्काल कानूनी सहायता उपलब्ध कराने की नई व्यवस्था को न्याय तक आमजन की पहुंच मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण निर्णय बताया गया है। अधिवक्ता सुभाष बोहत एवं अधिवक्ता सुभाषिनी बोहत ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे न केवल विधिक प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी, बल्कि नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि कई बार आपराधिक प्रकरणों में पूछताछ के दौरान व्यक्तियों को लंबे समय तक थाने में बैठाए रखने या गिरफ्तारी दर्ज करने में विलंब जैसी शिकायतें सामने आती रही हैं। अब जिला स्तर पर चयनित अधिवक्ताओं की उपस्थिति से ऐसी परिस्थितियों पर निगरानी रहेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित व्यक्ति को तत्काल विधिक परामर्श और सहायता मिल सकेगी। यह व्यवस्था न्याय प्रणाली में विश्वास को और सुदृढ़ करेगी। अधिवक्ता द्वय ने इस मानवीय और अधिकार-संरक्षक पहल के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा थानों के लिए अधिवक्ताओं की नियुक्ति से यह सुनिश्चित होगा कि हिरासत में लिए गए प्रत्येक व्यक्ति को विधि सम्मत संरक्षण, परामर्श और न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी समय पर प्राप्त हो। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह व्यवस्था आमजन के अधिकारों की रक्षा, अवैध निरुद्धता की रोकथाम तथा न्याय व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

### संचार एवं पत्रकारिता विभाग के छात्रों ने आकाशवाणी का किया भ्रमण, कौशल भी सीखे

**सागर।** विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के संचार एवं पत्रकारिता विभाग के छात्र-छात्राओं ने विभाग के शिक्षकों डॉ. अलीम अहमद खान एवं डॉ. विवेक जायसवाल के नेतृत्व में आकाशवाणी सागर का भ्रमण किया। दीपक निषाद ने कार्यक्रम का परिचय देते हुए संचार माध्यम के रूप में रेडियो की प्रासंगिकता एवं उसकी महत्ता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेडियो एक सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक माध्यम के रूप में पहचान बनाए हुए है। तेजी से बदलती तकनीक के दौर में रेडियो की सार्थकता कभी कम नहीं हो सकती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे सहयोग के लिए उपलब्ध है जिसे हमें बड़े ही सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ प्रयोग करना चाहिए। लेकिन हम इस पर पूरी तरह से आश्रित होकर आगे नहीं बढ़ सकते हैं। आकाशवाणी के वरिष्ठ उद्घोषक जय शेखर ने आवाज की दुनिया से छात्र-छात्राओं को विस्तारपूर्वक रूबरू कराया। उन्होंने प्रभावी संप्रेषण के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रेडियो एक ऑडियो माध्यम है जिसके जरिए अपनी बात एक बड़े जन श्रोता समूह तक पहुंचाते हैं । ऐसे में प्रभावी आवाज ही आपको अलग मुकाम और पहचान दे सकता है। उन्होंने अपने संघर्ष और अनुभव को साझा करते हुए विपरीत परिस्थिति में लगातार सीखने और आगे बढ़ने का मंत्र दिया। एक उद्घोषक या फिर एफएम आरजे के रूप में अपनी पहचान बनाने वालों के लिए उन्होंने टिप्स देते हुए कहा कि उन्हें किसी की तरह के गुटखा, शराब, सिगरेट जैसे किसी भी नशे से दूर रहना चाहिए। इसके साथ ही लगातार अभ्यास, उच्चारण, पिच, मॉड्यूलेशन आदि पर अपनी पकड़ मजबूत रखना चाहिए। डीजे की अत्यधिक शोरगुल में बातचीत करने से बचना चाहिए।



### विक्षिप्त युवक ने पुलिस पर किया हमला, डायल 112 में की तोड़फोड़

**सिरोंज।** नगर के छत्री नाका चौराहा पर शुक्रवार को रात्रि 8 बजे के आसपास एक विक्षप्ति व्यक्ति द्वारा पुलिस पर लाठी डंडो से हमला किया गया। साथ ही छत्री चौराहा पर मौजूद डायल 112 में युवक द्वारा जमकर तोड फोड की गई। जैसे ही युवक ने पुलिस पर हमला किया और डायल 112 में तोडफोड की तो मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई। वही थाना प्रभारी विमलेश राय ने बताया कि उक्त व्यक्ति मानकिस रूप से विक्षप्ति है मामले की जांच की जा रही है।

### 397वीं शादी कर मानव सेवा का उदाहरण बनी सम्राट सेवा समिति



**विदिशा।** वर्ष 2005 से युवक-युवतियों के विवाह कराने का कार्य कर रही सम्राट सेवा समिति ने 397वीं शादी संपन्न कराई। समिति अब तक 396 जोड़ों का विवाह व निकाह करा चुकी है। अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह ने बताया कि आर्थिक रूप से असमर्थ परिवारों के युवक-युवतियों को प्राथमिकता दी जाती है। वर्ष 2020 से पहले सामूहिक सम्मेलन होते थे, लेकिन लॉकडाउन के बाद एक-एक कर विवाह कराए जा रहे हैं।

## विश्व एनीमिया दिवस पर कॉलेज में संगोष्ठी 100 से अधिक छात्राओं की हीमोग्लोबिन जांच की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




विश्व एनीमिया दिवस के अवसर पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इंटीग्रेटेड एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक वेलफेयर सोसाइटी एवं एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और स्टाफ में एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा इसके दुष्प्रभावों की रोकथाम के उपायों पर जानकारी देना रहा। संगोष्ठी में वरिष्ठ चिकित्सकों ने एनीमिया के कारण, लक्षण, उपचार और बचाव पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों का रक्त परीक्षण कर हीमोग्लोबिन जांच की गई तथा आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने संतुलित आहार, आयरन व विटामिन-सी युक्त भोजन के नियमित सेवन और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। वक्ताओं ने कहा कि सही खान-पान और जागरूकता से एनीमिया पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। कार्यक्रम में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एमके जैन, डॉ. राजीव जैन, डॉ. सचिन गर्ग,डॉ. सुरेंद्र सोनकर, डॉ. नीति अग्रवाल, डॉ. समीर किरार, डॉ. श्रेय पीतलिया आदि मौजूद रहे।

### पंचकल्याणक प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव 14 से

**विदिशा।** शीतलनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर अंदर किला में शीतलनाथ भगवान के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के वार्षिकोत्सव पर 14 से 16 फरवरी तक त्रिदिवसीय मंगल आयोजन होगा। प्रवक्ता डॉ. मक्खन लाल जैन ने बताया कि कार्यक्रम में जयपुर से पं. स्वानुभव शास्त्री सहित स्थानीय विद्वान पं. शिखचंद सर्राफ, पं. नंदकिशोर गोयल, अमित भैया, डॉ. विनोद 'चिन्मय', डॉ. मुकेश 'तन्मय' तथा पं. प्रतीक जैन शास्त्री सहभागिता करेंगे। प्रतिदिन प्रातः 7:15 बजे जिनेंद्र पूजन व मंडल विधान, 9:15 बजे आध्यात्मिक प्रवचन तथा रात्रि 8:30 बजे प्रवचन होंगे।

### कथा में पहुंचे विधायक



**ग्यारसपुर।** ग्राम बंडवा स्थित पतरूआ धाम में कथा के पांचवें दिन विधायक हरी सिंह रघुवंशी ने पूजन कर श्रवण किया, समुद्र मंथन व वृंदा-जालंधर प्रसंग सुनाए गए, भक्त भावविभोर रहे और संत परमहंस महाराज से आशीर्वाद लिया।

## स्व. शर्मा की 103वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

### शहीद ज्योति स्तंभ उद्यान परिसर में पुष्पांजलि सभा आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रघुवीर चरण शर्मा की 103वीं जन्म जयंती शुक्रवार सुबह 10:30 बजे शहीद ज्योति स्तंभ उद्यान परिसर में पुष्पांजलि सभा के साथ मनाई गई।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी न्यास के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में न्यासी एवं नागरिकों ने उनके देश और समाज के प्रति समर्पण को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की शुरुआत गायक प्रदीप जैन के राष्ट्रभक्ति गीत से हुई। उपाध्यक्ष अतुल रत्नशी शाह एवं न्यासी दिनेश वाजपेयी ने शर्मा जी के योगदान और न्यास की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इसके बाद कच्छी भवन किरी मोहल्ला में निराश्रितों को भोजन प्रसादी वितरित की गई। डॉ. सुरेश गर्ग सहित अनेक वक्ताओं ने उनके त्यागमय जीवन को प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद श्रीवास्तव ने किया तथा आभार सचिव रामकृष्ण शर्मा ने व्यक्त किया।

### डंगरबाड़ा में रुद्र महायज्ञ का आयोजन, शिवरात्रि पर पूर्णाहुति

**अहमदपुर।** डंगरबाड़ा स्थित शिव कुटी आश्रम में 11 से 15 फरवरी तक वार्षिक रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। भरत दास महाराज की प्रेरणा तथा आचार्य मुकेश शास्त्री के आचार्यत्व में त्रिविध तापों के नाश हेतु अनुष्ठान संपन्न हो रहा है। मुख्य यजमान नारायण सिंह कुशवाह, प्रदीप बघेल, देवकिशन नामदेव व देवी प्रसाद कुशवाहा का विशेष सहयोग मिल रहा है। शिवरात्रि पर पूर्णाहुति के साथ प्रसादी वितरण होगा। क्षेत्रवासियों से धर्मलाभ हेतु सहभागिता की अपील की गई है।



### बीपीएल सीजन-2 का खिताब सुपर किंग बिछिया के नाम

**शमशाबाद।** बिछिया ग्राउंड पर आयोजित बीपीएल सीजन-2 क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक समापन सुपर किंग बिछिया की शानदार जीत के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया, जिससे पूरे टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा और उत्साह चरम पर रहा। खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। फाइनल मुकाबले में शमशाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 8 विकेट पर 66 रन बनाए। जवाब में सुपर किंग बिछिया ने आक्रामक खेल दिखाते हुए केवल 6 ओवर में 3 विकेट खोकर 67 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता टीम को 41 हजार रुपये व ट्रॉफी धनेश पाठक द्वारा, उपविजेता शमशाबाद को 21 हजार रुपये व ट्रॉफी सरपंच विनीता वीरेंद्र रघुवंशी द्वारा तथा तृतीय स्थान प्राप्त महुआखेड़ा टीम को 11 हजार रुपये जनपद सदस्य उत्तम सिंह मीणा ने प्रदान किए। मैन ऑफ द सीरीज और फाइनल के मैन ऑफ द मैच राज कुमार जाट रहे, जबकि सर्वाधिक छक्के पुरुषोत्तम कुशवाह और सर्वाधिक विकेट सोनू यादव ने लिए। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में युवाओं व ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा, जिससे क्षेत्र में खेल भावना और भाईचारा मजबूत हुआ।



## शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा निकली

**ग्यारसपुर।** महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व नगर के छप्पर मोहल्ला स्थित हनुमान जी महाराज मंदिर से खजिया बाग तक भगवान शिव सपरिवार की प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्र यज्ञ कार्यक्रम को लेकर भव्य और श्रद्धा के साथ कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। पूरे नगर में हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा,कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ कलश पूजन एवं जल भराई से हुई। ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रों के उच्चारण के बीच श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा छप्पर मोहल्ला हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होती हुई खजिया बाग मंदिर पहुंची। रास्ते भर जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र को शिवमय कर दिया। युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खजियाबाग मंदिर पहुंचने पर ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। इसके पश्चात रुद्र यज्ञ की तैयारियों के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अंत में सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा कराने वाले महाराज अमरीश दुबे, शुभम शर्मा, कमलेश दुबे, जगदीश शर्मा, दीपेश शर्मा, आनंद जोशी, सहित दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## किसानों के लिए ट्रैक्टर-बुलेट सहित आकर्षक पुरस्कारों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

किसानों के लिए ट्रैक्टर-बुलेट सहित आकर्षक पुरस्कारों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

मप्र शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाते हुए किसानों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, वीर भारत न्यास तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल राज्य स्तरीय ईनामी प्रतियोगिता आयोजित की गई है।

प्रतियोगिता के अंतर्गत जिलेवार प्रथम पुरस्कार के रूप में ट्रैक्टर, द्वितीय पुरस्कार के रूप में बुलेट मोटरसाइकिल तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में ई-स्कूटर प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त अन्य कई आकर्षक पुरस्कार भी विजेताओं को दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किसानों को आधिकारिक वेबसाइट [www.veerbharat-nyas.com](http://www.veerbharatnyas.com) पर जाकर ऑनलाइन पंजीयन करना होगा, जहां आधार कार्ड, मोबाइल नंबर सहित आवश्यक जानकारी दर्ज करनी होगी। पंजीयन के बाद कृषि विषय से संबंधित 24 प्रश्नों की ऑनलाइन क्विज आयोजित होगी, जिसे प्रतिभागियों को 24 मिनट के भीतर पूर्ण करना होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। सभी सही प्रविष्टियों में से विजेताओं का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। किसानों को अधिक से अधिक जोड़ने के उद्देश्य से उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान विकास केंद्रों और कृषि उपज मंडियों को 11 हजार रुपये की नगद राशि तथा प्रत्येक जिले में प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उप संचालक कृषि के.एस. खपेडिया ने किसानों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति अनीता वाल्मीकि एंव श्रीमति शिवानी वाल्मीकि निवासी- वार्ड नं 09 सिन्धी बस्ती तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा के स्वामित्व व आधिपत्य का एक आवासीय मकान नं 154 वार्ड नं 09 नेताजी सुभाष वार्ड के पचमा बायपास रोड पर क्षेत्र तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 650 वर्गफिट है। एवं जिसकी चतुरसीमायें पूर्व में :- बब्लू अहिरवार का मकान, पश्चिम में जय वाल्मीकि पत्नि दिनेश का मकान, उत्तर में :- गली के बाद दीपक वाल्मीकि का मकान एवं दक्षिण में पचमा बायपास रोड है। का दिनांक 04/02/2026 ई रजि. नं MP42IGR18862026A100135613 के द्वारा सह स्वामित्व विलेख किया गया है एवं उक्त आवासीय मकान को श्रीमति अनीता वाल्मीकि एंव श्रीमति शिवानी वाल्मीकि इन्डियन सेल्टर फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में बंधक रखकर लोन ले रहे है। जिसके संबंध में किसी व्यक्ति, निकाय, बैंक, संस्था, सोसायटी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय किसी प्रकार की स्वामित्व, अधिकार, कर्ज या अन्य अदायगी या आपत्ति हो तो वह आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में 7 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें उक्त अवधि पश्चात् उक्त मकान मय प्लाट बंधक करने के लिए बैंक अग्रसर हो जावेगा एवं ऐसी दशा में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्या नहीं होगी।

भवदीय जीवन सिंह किरार अभिभाषक
कार्या.- मैन रोड रामद्वारा विदिशा
म.प्र. मो.नं. 9300265996

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शिवम वाल्मीकि पुत्र श्री चन्द्रशेखर निवासी-वार्ड नं 09 सिन्धी बस्ती तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा के स्वामित्व व अधिपत्य का एक आवासीय मकान नं 395 / 396 वार्ड नं 09 नेताजी सुभाष वार्ड के सिन्धी कॉलोनी क्षेत्र तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 950 वर्गफिट है। जिसकी चतुरसीमायें पूर्व में :- गली, पश्चिम में, सरकारी भूमि और नदी उत्तर श्रीमति शोभा वाल्मीकि का मकान एवं दक्षिण में: श्रीमति सुशीला वाल्मीकि का मकान है। जिसको दिनांक 06/02/2026 ई रजि.नं MP42IGR18862026A100146638 के द्वारा दानकर्ता श्रीमति ममता वाल्मीकि ने दानग्रहिता श्री शिवम वाल्मीकि को दानपत्र किया गया है एवं उक्त आवासीय मकान को श्री शिवम वाल्मीकि एंव ममता वाल्मीकि इन्डियन सेल्टर फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में बंधक रखकर लोन ले रहे है जिसके संबंध में किसी व्यक्ति, निकाय, बैंक, संस्था, सोसायटी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकाय किसी प्रकार की स्वामित्व, अधिकार, कर्ज या अन्य अदायगी या आपत्ति हो तो वह आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में 7 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें उक्त अवधि पश्चात् उक्त मकान मय प्लाट बंधक करने के लिए बैंक अग्रसर हो जावेगा। एवं ऐसी दशा में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्या नहीं होगी।

भवदीय जीवन सिंह किरार अभिभाषक
कार्या.- मैन रोड रामद्वारा विदिशा
म.प्र. मो.नं. 9300265996

### विभाग ने स्कूल प्रबंधक समितियों को दिए निर्देश, जल्द कराएं मरम्मत कार्य

# जिले के अधिकांश सरकारी स्कूलों में उपयोग लायक नहीं टॉयलेट, विद्यार्थी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के कई सरकारी स्कूलों में बालिकाओं के लिए बने शौचालय उपयोग के अनुकूल नहीं हैं। कहीं पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है तो कहीं दरवाजों की कुंडियां टूटी पड़ी हैं। सफाई और रखरखाव के अभाव में टॉयलेट इस्तेमाल के लायक नहीं बचे हैं। ऐसे में छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा केंद्र के आला अधिकारी अब इन्हें क्रियाशील बनाने में जुटे हुए है।


फोटो। ग्राम माखनी के शासकीय स्कूलों के टॉयलेट की हालात


फोटो। ग्राम अमरावद बाजयाफ्त के शासकीय स्कूलों में बने बाथरूम की दुर्दशा।

जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान यह स्थिति सामने आई। कई स्कूलों में टंकियों में पानी नहीं भर रहा, नल खराब हैं और शौचालयों में नियमित सफाई नहीं हो पा रही।

विद्यालय प्रबंधन समितियों का कहना है कि मरम्मत और सफाई के लिए पर्याप्त बजट और नियमित मॉनिटरिंग की जरूरत है। वहीं, विभागीय अधिकारियों का दावा है कि समस्या चिन्हित कर ली गई है और चरणबद्ध तरीके से सुधार कार्य शुरू किए जा रहे हैं। जिन स्कूलों में पानी की समस्या है। वहां हैंडपंप या पाइपलाइन से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है।

#### क्या बोले विशेषज्ञ...

विशेषज्ञों का मानना है कि किशोर अवस्था में स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय की उपलब्धता छात्राओं की उपस्थिति और स्वास्थ्य से सीधे जुड़ी है। यदि समय पर सुधार नहीं हुआ तो ड्रॉपआउट की समस्या बढ़ सकती है। फिलहाल विभाग की कोशिश है कि आगामी सत्र से पहले सभी टॉयलेट पूरी तरह उपयोग योग्य हो जाएं।

जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक और डीपीसी टीके रैकवार ने बताया कि बालिकाओं की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। सभी संकुल प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं कि एक सप्ताह में रिपोर्ट दें और जहां आवश्यक हो, तत्काल सुधार कार्य कराएं। साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत नियमित सफाई और सैनिटरी डिस्पोजल की व्यवस्था करने पर भी जोर दिया गया है।

#### इनका कहना है

सरकारी स्कूलों में बालिकाओं के टॉयलेट की स्थिति सुधारने के लिए सभी संबंधित स्कूलों के प्राचार्य और हेड मास्टरों को निर्देशित किया है। साथ ही गाइड लाइन भेजी गई है। जिन स्कूलों के टॉयलेट में पानी और मरम्मत नहीं है वहां जल्द मरम्मत करने आदेश दिए गए हैं।
**- डीडी रजक,** डीईओ रायसेन।

#### स्कूलों में सही टॉयलेट नहीं कईयों की हालात बदतर

हरिभूमि टीम ने माखनी प्राइमरी स्कूल बिलारा, अमरावद वाजयाफ्त प्राथमिक मिडिल स्कूलों का निरीक्षण किया तो टॉयलेट के हालात खराब नजर आए। वहां न तो टंकियों में पानी था। वहीं जिले में ऐसे सैकड़ों स्कूल है, जहां टॉयलेट नहीं है। हरिभूमि की टीम जब इन शासकीय प्रायमरी, मिडिल स्कूल में पहुंची तो देखा कि स्कूल की बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है, बॉउंड्रीवॉल भी नहीं है।

मामले में विभागीय सूत्रों का कहना है कि जो नये स्कूल भवन हैं वहां टॉयलेट के इंतजाम ठीक हैं। कुछ स्कूल ऐसे हैं जो दस से पंद्रह साल पुराने हैं वह काफी जर्जर है। बहुत से टॉयलेट उपयोग लायक नहीं हैं। मजबूरी में बच्चियां टायलेट जाने के लिए मजबूर हैं।

### पाटनदेव हनुमान मंदिर से निकलेगी पदयात्रा

## सोमेश्वर धाम मंदिर को प्रतिदिन खोलने आज सौंपा जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के प्राचीन अजेय दुर्ग स्थित सोमेश्वर धाम महादेव मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन खोलने की मांग तेज हो गई है। बाबा सोमेश्वर धाम मुक्ति मोर्चा एवं श्री हिंदू उत्सव समिति सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के सदस्य आज शनिवार को सुबह 11 बजे इस मांग को लेकर पदयात्रा निकालेंगे और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे।

विहिप के जिला संगठन प्रभारी बद्री पाराशर, श्री हिउस अध्यक्ष रवि खत्री एवं राहुल परमार ने बताया कि सुबह 11 बजे पाटनदेव श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से पदयात्रा प्रारंभ होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से



होते हुए भोपाल सागर तिराहे तक पहुंचेगी। यहां जिला प्रशासन के अधिकारियों को किले स्थित प्राचीन शिव मंदिर के ताले खोलने और श्रद्धालुओं के लिए नियमित दर्शन-पूजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने संबंधी ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के निवारण के लिए आंतरिक परिवाद समिति गठित

**रायसेन।** मप्र शासन के निर्देशानुसार महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेद एवं प्रतितोषण) अधिनियम 2013 की धारा 4 के अंतर्गत महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न के निवारण हेतु आंतरिक परिवाद समिति गठित की गई थी। उक्त समिति के कतिपय सदस्य सेवानिवृत्त होने या जिले से अन्यत्र स्थानांतरण होने के फलस्वरूप पुनः समिति गठित की गई है। इस आंतरिक परिवाद समिति की अध्यक्ष डिप्टी कलेक्टर अल्का सिंह को बनाया है। साथ ही अर्चना ताम्रकार खनिज निरीक्षक, आभासिंह सहायक ग्रेड-3 जिला कार्यालय रायसेन, ललिता नायर सहायक ग्रेड-3 जिला कार्यालय रायसेन तथा पूनम मिश्र एनजीओ जिज्ञासा को सदस्य बनाया है।

## त्यौहारों को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



शुक्रवार को दीवानगंज चौकी प्रांगण में आगामी त्योहारो महाशिवरात्रि, रोज़े, और होली को लेकर शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के नायब तहसीलदार ललित सक्सेना, एसडीओपी नीलम चौधरी, थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी चौकी प्रभारी सुनील शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने त्योहारों के समय कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की अपील की। साथ ही जुलूस, धार्मिक कार्यक्रमों एवं सार्वजनिक आयोजनों के दौरान प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने पर जोर दिया गया।

जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी अपने सुझाव साझा किए तथा प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की गई।

### व्यवस्थित होगा शहर का सब्जी बाजार, जाम से भी कुछ हद तक मिलेगी निजात

## श्री रामलीला मैदान में सब्जी बाजार शिफ्ट करने की नगर पालिका कर रही तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर की अव्यवस्थित सब्जी मंडी को अब श्रीराम लीला मैदान में शिफ्ट किया जाएगा। नगर पालिका परिषद ने निर्णय लिया है कि शहर के मुख्य बाजार और सड़कों पर लगने वाली फुटकर सब्जी दुकानों को व्यवस्थित रूप से एक स्थान पर बैठाया जाएगा।

इसके लिए श्री रामलीला मैदान में चूना लाइन डालकर दुकानदारों के लिए अलग-अलग स्थान चिंहित किए जाएंगे। नपा अधिकारियों के अनुसार, लंबे समय से मुख्य बाजार



क्षेत्र में फुटकर सब्जी विक्रेताओं के कारण सड़क जाम की स्थिति बन रही थी। कई बार यातायात पुलिस और राजस्व, नपा अमले द्वारा समझाइश देने के बाद भी व्यवस्था सुचारू नहीं हो पा रही थी। ऐसे में प्रशासन ने स्थायी समाधान के तौर पर फुटकर सब्जी मंडी को श्री रामलीला मैदान में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है।

नगर पालि द्वारा श्रीरामलीला मैदान में सफाई, समतलीकरण और पानी की व्यवस्था की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। चूना लाइन के माध्यम से प्रत्येक दुकानदार के लिए निश्चित दायरा तय किया जाएगा। ताकि अतिक्रमण और विवाद की स्थिति न बने।

हालांकि कुछ दुकानदारों ने आशंका जताई है कि मुख्य बाजार से दूर जाने पर बिक्री प्रभावित हो सकती है। ग्राहकों की आवाजाही कम होने से रोज़गार पर असर पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर शहर के व्यापारियों और आम नागरिकों ने इस निर्णय का स्वागत किया है। उनका मानना है कि इससे बाजार क्षेत्र में जाम और अव्यवस्था की समस्या से राहत मिलेगी।

#### इनका कहना है

नई सब्जी मंडी श्रीरामलीला मैदान में जल्द ही शिफ्ट कर दी जाएगी। प्लॉट नपती कर फुटकर सब्जी विक्रेताओं को दिए जा रहे हैं। यहां दुकानदारों को पानी, लाइट, बाथरूम आदि सुविधाएं दी जाएंगी।
**- सविता जमना सेन,** नपाध्यक्ष रायसेन

### डंपर को जब्त कर पुलिस के सुपुर्द किया

## खनिज विभाग ने अवैध मुरम का परिवहन करते डंपर बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी गई है। इसी कड़ी में रायसेन खनिज विभाग की उडऩदस्ता टीम ने भोपाल-विदिशा हाईवे पर अवैध रूप से मुरम का परिवहन करते एक डंपर एमपी 04 एचई 2734 को जब्त पर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उड़नदस्ता की टीम द्वारा सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल विदिशा हाइवे 18 मार्ग पर अवैध खनिज परिवहन करते हुए वाहनों पर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान अवैध रूप से मुरम से भरे डंपर को ज़ब्त किया है। अवैध परिवहन करते मिलने पर डंपर को खनिज विभाग द्वारा पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।


फोटो। थाने में खड़ा जब्त डंपर।

#### क्षेत्र में बड़े स्तर पर चल रहा अवैध ईंट काराबोर

गौरतलब है कि आसपास क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से ईंट भट्टो का संचालन किया जा रहा है। और ये ईंटें भोपाल भेजकर अधिक कीमत पर विक्रय की जाती है। खनिज विभाग महीने में एक दो बार ही कार्रवाई कर खानापूर्ति कर लेता है। जबकि यहां पर बिना परमीशन के सैंकड़ों भट्टे संचालित हो रहे हैं।

## विभागीय साठगांठ से ठेकेदार कर रहा सड़कों का घटिया निर्माण और नवीनीकरण का काम

### इंजीनियरिंग का 'अजूबा' या सरकारी धन की बर्बादी ? बिना सफाई के कचरे पर तान दी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

एक ओर सरकार सुदूर अंचलों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए करोड़ों का बजट पानी की तरह बहा रही है, वहीं गैरतगंज में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। ग्राम बासादेही से खमरिया गढ़ी तक की 3 किमी की सड़क निर्माण में ठेकेदार और विभागीय उपयंत्री ने मिलकर विकास के दावों की धज्जियां उड़ा दी हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पुरानी सड़क की न तो सफाई की गई और न ही उस पर जमी धूल, मिट्टी और गोबर हटाया गया। उसी गंदगी के ऊपर डामर की एक पतली परत बिछाकर इतिश्री कर ली गई। हद तो तब हो गई जब सड़क की मजबूती के लिए अनिवार्य 'रोलिंग' प्रक्रिया को भी दरकिनार कर दिया गया। अब नतीजा यह है कि सड़क बनने के साथ ही उखड़ने लगी है।



#### पुराने 'दागी' ठेकेदार पर मेहरबानी क्यों ?

ग्रामीण कुंवरलाल और पप्पू का कहना है कि इसी ठेकेदार ने पूर्व में खिड़की से गोपालपुर जोड़ तक सड़क बनाई थी, जो महज 6 महीने में ही गड्ढों का ढेर बन गई। जिसमें आए दिन वहां से निकलने वाल छात्र और राहगीर गिरकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। बावजूद इसके, विभाग ने फिर से उसी ठेकेदार को काम सौंप दिया, जिससे विभागीय सांठ-गांठ की बू आ रही है।

#### पीएमओ और मुख्यमंत्री तक करेंगे शिकायत

किसान नेता गगन गौर ने इसे शासन के पैसे की खुली डकैती करार देते हुए मामले की शिकायत पीएमओ और मुख्यमंत्री कार्यालय को करने का मन बना लिया है।

वहीं ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल ठेकेदार का भुगतान रोका जाए। उपयंत्री पर दंडात्मक कार्रवाई हो। सड़क को तकनीकी मापदंडों के अनुसार दोबारा बनाया जाए।

#### इनका कहना है

मामला संज्ञान में आया है। जांच करवाकर तुरंत काम रुकवाया जाएगा और ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा।
**- आरएस तिवारी,** अधिकारी, पीएम ग्रामीण सड़क योजना रायसेन

### योजनाओं की समीक्षा, लक्ष्य पूर्ण के निर्देश

## महिला बाल विकास परियोजना की समीक्षा बैठक हुई आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शुक्रवार को महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश जैन, एसडीएम संतोष मुदगल ने बरेली परियोजना की समस्त पर्यवेक्षकों एवं 2 सेंटर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की।

समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न योजनाओं कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लक्ष्य के अनुसार प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। सेम बच्चों के प्रबंधन एवं ऑनलाइन एंट्री की समीक्षा करते हुए कार्य में गति लाने के साथ ही पोषण ट्रेकर की अपार आभा आईडी की सौ प्रतिशत पूर्ण करने निर्देशित किया।

समीक्षा बैठक के प्रभारी परियोजना अधिकारी जुलेखा खान परियोजना कार्यालय के कर्मचारियों, सेक्टर, पर्यवेक्षकों एवं आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### बापोली धाम में लगेगा नेत्र शिविर, फलहारी खिचड़ी का होगा वितरण

## श्रीशिव बापोली धाम में महाशिवरात्रि की तैयारियां

» बापोली धाम में जम्मू वाले लाल बाबा जी क्षेत्रवास के साथ मौन धारण कर साधना, तपस्या कर रहे

» विन्ध्य पर्वत की तलहटी में बापोली शिवधाम प्राकृतिक सुंदरता शांत वातावरण में भक्तों के लिए प्रमुख श्रद्धा केंद्र बना हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

#### ब्रह्मलीन पू. बड़े गुरुजी की साधना स्थली है बपोली धाम



सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त सिद्ध, विशेष शिवलिंग के लिए बापोली धाम की प्रसिद्धि बनी हुई है। बापोली धाम में ब्रम्हलीन पू. बड़े गुरु जी ने दशकों तक साधना तपस्या की। वर्तमान में जम्मू वाले लाल बाबा जी क्षेत्रवास किये जाने के साथ सूर्योदय से सूर्यास्त तक मौन धारण कर साधना, तपस्या कर रहे है। प्रति वर्ष बापोली धाम में महा शिवरात्रि पर शिव भक्तों का मेला लगने की परंपरा है।

बापोली धाम में वैदिक, सनातन, संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए संस्कृत पाठशाला के साथ सर्व सुविधायुक्त गौशाला का भी दशकों से संचालन किया जा रहा है। विन्ध्य पर्वत की तलहटी में बारना बांध की बड़ी नहर के किनारे बापोली शिव धाम प्राकृतिक सुन्दरता शांत वातावरण में धर्म संस्कृति शिव भक्ति के साथ भक्तों के लिए प्रमुख श्रद्धा केन्द्र बना हुआ है।

#### भोपाल से आए डॉक्टर करेंगे नेत्र शिविर में आंखों की जांच

15 फरवरी महा शिवरात्रि के दिन बापोली धाम में हजारों शिव भक्त नर-नारियों की उपस्थिति रहेगी। शिवरात्रि के दिन में सुबह से दोपहर तक नेत्र रोगियों के परीक्षण उपचार के लिए भोपाल से आए डॉक्टरों की टीम रहेगी। शिवरात्रि पर बापोली धाम आने वाले शिव भक्तों को फलहारी खिचड़ी का वितरण भी किए जाने की परंपरा बनी हुई है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के अन्य शिव मंदिरों में महा शिवरात्रि पर्व मनाये जाने की तैयारियां प्रारंभ हो गई है।

## 9 कुंडली गायत्री महायज्ञ से पूर्व निकली विशाल कलश यात्रा, शामिल हुए श्रद्धालु

### बीते 68 वर्ष से गायत्री महायज्ञ और मेला का होता है आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज।



सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा में शुक्रवार को बड़े धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। 108 कलश रखकर छोटी-छोटी कन्याएं और महिलाएं, भक्तगण ग्राम के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस गायत्री मंदिर पहुंची।

सेमरा में कलश यात्रा निकलने पर ग्राम की महिलाओं ने अपने घर आंगन को दीपावली की तरह सजाकर, उन पर रंगोली बनाकर कलश यात्रा का स्वागत और पुष्प वर्षा की। सेमरा के गायत्री मंदिर में हर साल फरवरी के महीने में महायज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस मंदिर पर गायत्री महायज्ञ और मेला लगते हुए 68 वर्ष हो गए है इस मेले का दिनों दिन महत्व बढ़ता जा रहा है।

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में विश्व कल्याणार्थ 9 कुंडली गायत्री महायज्ञ, किसान मेला एवं शिवपुराण कथा का आयोजन हो रहा है। जिसमें आसपास के 35 गांव के किसान इस मेले का फायदा उठा रहे हैं। इस मेले का समापन 16 फरवरी को महायज्ञ की पूर्णाहुति और भंडारे के साथ पूर्ण होगा। मेला ग्राउंड में गायत्री मंदिर बना हुआ है, जहां पर शिव पुराण कथा का आयोजन चल रहा है। शिव पुराण कथा लक्ष्मण शास्त्री द्वारा द्वारा सुनाई जा रही है।